वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद
अनुसंधान भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली – 110 001

सं. 20–4(1)/2001–राभा

दिनांक : 26.08.2014

# परिपत्र

**विषय : परिषद मुख्यालय में दिनांक 08.09.2014 से 15.09.2014 तक हिंदी सप्ताह का आयोजन**

**Sub : Celebration of Hindi Week in the CSIR Hqrs. from 08.09.2014 to 15.09.2014**

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) मुख्यालय में दिनांक 08.09.2014 से 15.09.2014 तक हिंदी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निम्नांकित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी :

(1) काव्य पाठ
(2) सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता
**(इस प्रतियोगिता में बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले 60 प्रश्नों में से एक सही उत्तर पर √ का चिह्न लगाना होगा)**
(3) निबंध
(4) शब्दावली/हिंदी व्यवहार (भाषांतरण)
(5) टिप्पण/प्रारूपण आदि

इन प्रतियोगिताओं में से **'काव्य पाठ'** और **'सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता'** को **एक वर्ग में** तथा **'निबंध', 'शब्दावली/हिंदी व्यवहार'** (भाषांतरण) **'टिप्पण/प्रारूपण'** को **दो वर्गों** में रखा जाएगा। **पहले वर्ग में** हिंदी, पंजाबी, उर्दू, मराठी, गुजराती मातृभाषी कर्मचारी होंगे तथा **दूसरे वर्ग में** शेष मातृभाषी कर्मचारी रखे जाएंगे। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले कर्मचारियों को समुचित पुरस्कार देने की भी व्यवस्था की गई है। साथ ही सांत्वना पुरस्कारों की भी व्यवस्था है।

**काव्य पाठ** प्रतियोगिता के अंतर्गत स्व–रचित कविता के लिए 5 अंक तक बोनस के रूप में दिए जाएंगे।

**निबंध** प्रतियोगिता के अन्तर्गत निम्नांकित विषय पर निबंध लिखना होगा तथा **शब्द–सीमा 1000–1500 शब्द** के बीच होगी।

**'राष्ट्रभाषा, राजभाषा और जन–संपर्क भाषा के रूप में हिंदी'**

हिंदी सप्ताह का समापन एवं हिंदी दिवस समारोह दिनांक 15.09.2014 को होगा तथा सप्ताह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को उसी दिन पुरस्कार भी वितरित किए जाएंगे।

सभी वैज्ञानिकों/अधिकारियों/कर्मचारियों से इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु अनुरोध किया जाता है। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक वैज्ञानिक/अधिकारी/कर्मचारी संलग्न प्रपत्र भरकर **राजभाषा अनुभाग, कमरा नं. 404 में दिनांक 05.09.2014 तक** भेज सकते हैं।

(पूरन पाल)
वरिष्ठ हिंदी अधिकारी (एसजी)

प्रतिलिपि :
1. सीएसआईआर मुख्यालय/सीएसआईआर कॉम्प्लेक्स के सभी प्रभाग/अनुभाग/वैज्ञानिक/अधिकारी/कर्मचारीगण
2. मानव संसाधन विकास केन्द्र, गाजियाबाद, आईपीयू के सभी अनुभाग/प्रभाग/वैज्ञानिक/अधिकारी/कर्मचारीगण
3. सीएसआईआर के सभी तलों के सूचना–पट्ट
4. कार्यालय प्रति

# हिंदी सप्ताह से संबंधित प्रतियोगिता–प्रपत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | अधिकारी/कर्मचारी का नाम | : | |
| 2. | पदनाम | : | |
| 3. | प्रभाग/अनुभाग/एकक का नाम | : | |
| 4. | मातृभाषा | : | |
| 5. | हिंदी विषय के साथ पास की गई अंतिम कक्षा/परीक्षा | : | |
| 6. | प्रतियोगिता का नाम जिसमें सम्मिलित होना है (कृपया √ का चिह्न लगाएं) | : | |
| | 1. काव्य पाठ (Poetry recitation) **(08.09.2014)** | : | |
| | 2. सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता (General Knowledge) **(09.09.2014)** | : | |
| | 3. निबंध (Essay) **(10.09.2014)** | : | |
| | 4. शब्दावली/हिंदी व्यवहार (भाषांतरण) Terminology/Hindi Usage (Translation) **(11.09.2014)** | : | |
| | 5. टिप्पण/प्रारूपण (Noting/Drafting) **(12.09.2014)** | : | |

आवेदक के हस्ताक्षर :

दिनांक :